नाम ………………………… अनुक्रमांक …………………………

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2022-23

**B**

## हिन्दी

समय : 3 घण्टा ] कक्षा—10 [ पूर्णांक : 70

निर्देश— सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त हैं।

### खण्ड 'अ' : (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. शुक्लोत्तर युग की समय-सीमा है— 1
(क) सन् 1868 ई. से 1900 तक (ख) सन् 1919 ई. से 1938 तक
(ग) सन् 1900 ई. से 1922 तक (घ) सन् 1938 ई. से निरन्तर

2. 'जड़ की बात' के रचनाकार हैं— 1
(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) गुलाबराय
(ग) जैनेन्द्र कुमार (घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

3. 'कादम्बिनी' पत्रिका के सम्पादक का नाम है— 1
(क) राजेन्द्र अवस्थी (ख) धर्मवीर भारती
(ग) राजेन्द्र यादव (घ) कमलेश्वर

4. 'चन्द्रगुप्त' की विधा है— 1
(क) कहानी (ख) नाटक (ग) निबन्ध (घ) आत्मकथा

5. 'गाँधी जी की देन' के लेखक हैं— 1
(क) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ख) रामचन्द्र शुक्ल
(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

6. 'प्रिय-प्रवास' के रचनाकार हैं— 1
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) भूषण

7. 'बिहारी' किस काल के कवि हैं— 1
(क) आदिकाल (ख) भक्ति काल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

8. आधुनिक काल के कवियों में नहीं है— 1
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) जयशंकर प्रसाद
(ग) हरिऔध (घ) केशवदास

9. महादेवी वर्मा को 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार किस काव्य रचना पर प्राप्त हुआ— 1
(क) नीहार (ख) यामा (ग) रश्मि (घ) नीरजा

10. 'शृंगार रस की प्रमुखता' किस काल की विशेषता है— 1
(क) आदिकाल (ख) भक्ति काल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

**P.T.O.**

https://www.upboardonline.com

11. 'हास' जब विभाव, अनुभाव तथा संचारी भाव से पुष्ट हो जाने पर उसे कहा जाता है— 1
(क) करुण रस (ख) शृंगार रस (ग) हास्य रस (घ) वीर रस
12. 'रोला' छन्द के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं— 1
(क) 22 (ख) 24 (ग) 26 (घ) 28
13. जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना की जाती है, वहाँ अलंकार होता है— 1
(क) यमक (ख) श्लेष (ग) उत्प्रेक्षा (घ) उपमा
14. किस समास में प्रथम पद संख्यावाची होता है— 1
(क) अव्ययीभाव समास (ख) द्विगु समास
(ग) द्वन्द्व समास (घ) तत्पुरुष समास
15. 'हृदय' का तद्भव शब्द होगा— 1
(क) हिय (ख) हँसना (ग) हिरन (घ) हार
16. जो शब्द अर्थ की दृष्टि से समान होते हैं, वे कहलाते हैं— 1
(क) विलोम (ख) तत्सम (ग) पर्यायवाची (घ) मुहावरे
17. 'यण' सन्धि का सूत्र है— 1
(क) आद्गुणः (ख) इकोयणचि (ग) वृद्धिरेचि (घ) एचोऽयवायावः
18. 'मधुने' में विभक्ति और वचन है— 1
(क) द्वितीया विभक्ति, एकवचन (ख) तृतीया विभक्ति, बहुवचन
(ग) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन (घ) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन
19. 'हस्' धातु, लृट् लकार, मध्यम पुरुष, एकवचन का रूप होगा— 1
(क) हसिष्यामि (ख) हसिष्यसि (ग) हसिष्यति (घ) हसिष्यथ
20. स्वपठित खण्डकाव्य कितने सर्गों में विभाजित है— 1
(क) बारह (ख) तेरह (ग) चौदह (घ) पन्द्रह

## खण्ड 'ब' : (वर्णनात्मक प्रश्न)

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 6

"विश्वासपात्र मित्र से बड़ी रक्षा रहती है। जिसे ऐसा मित्र मिल जाय उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया।" विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषध है। हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों में हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचायेंगे, हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे। जब हम हतोत्साहित होंगे, तब हमें उत्साहित करेंगे।

(क) गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) विश्वासपात्र मित्र की तुलना किस-किस से की गई है ?

अथवा

भिन्न-भिन्न धर्मों के मानने वाले भी, जो सारी दुनिया के देशों में बसे हुए हैं; यहाँ भी थोड़ी-बहुत संख्या में पाये जाते हैं और जिस तरह यहाँ की बोलियों की गिनती आसान नहीं, उसी तरह यहाँ भिन्न-भिन्न धर्मों के सम्प्रदायों की भी गिनती आसान नहीं। यह देखकर अगर अपरिचित आदमी घबड़ाकर कह उठे कि यह एक देश नहीं अनेक देशों का समूह है; यह एक जाति नहीं, अनेक जातियों का समूह है, तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) भारत के धर्मों और बोलियों में क्या समानता है ?

22. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 6

रानी मैं जानी अजानी महा, पबि पावन हूँ ते कठोर हियो है।
राजहु काज अकाज न जान्यो, कह्यो तिय को जिन कान कियो है।।
ऐसी मनोहर मूरति ये, बिछुरे कैसे प्रीतम लोग जियो है?
आँखिन में, सखि! राखिबे जोग, इन्हें किमि कै बनवास दियो है।।

(क) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश का भावार्थ लिखिए।

(ग) रानी कैकेयी का हृदय कैसा है ?

**अथवा**

मेरे जीवन का आज मूक, तेरी छाया से हो मिलाप;
तन तेरी साधकता छू ले, मन ले करुणा की थाह नाप!
उर में पावस दृग में विहान!

(क) प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) कवयित्री ने क्या कामना व्यक्त की है ?

23. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी किसी एक प्रमुख रचना का नाम लिखिए— 3 + 2 = 5

(i) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ii) जयशंकर प्रसाद
(iii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी किसी एक प्रमुख रचना का नाम लिखिए— 3 + 2 = 5

(i) गोस्वामी तुलसीदास (ii) सुमित्रानन्दन पन्त
(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान

**P.T.O.**

https://www.upboardonline.com

24. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2+3=5

(i) एषा नगरी भारतीयसंस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थली अस्ति। इत एव संस्कृतवाङ्मयस्य, संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः। मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीयदर्शन-शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत्। सः तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसी-भाषायां कारितः।

(ii) एकदा बहवः जनाः धूमयानम् आरुह्य नगरं प्रति गच्छन्ति स्म। तेषु केचित् ग्रामीणाः केचिच्च नागरिकाः आसन्। मौनं स्थितेषु तेषु एकः नागरिकः ग्रामीणान् उपहसन् अकथयत् "ग्रामीणाः अद्यापि पूर्ववत् अशिक्षिताः अज्ञाश्च सन्ति। न तेषां विकासः अभवत् न च भवितुं शक्नोति।"

(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2+3=5

(i) उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।।

(ii) मरणं मङ्गलं यत्र विभूतिश्च विभूषणम्।
कौपीनं यत्र कौशेयं सा काशी केन मीयते।।

(ग) अपनी पाठ्य-पुस्तक 'संस्कृत खण्ड' से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए— 4

(i) श्वेतकेतुः कः आसीत् ?

(ii) कारागारात् एव मम् गृहम् इति कः अवदत् ?

(iii) वीरः केन पूज्यते ?

(iv) वाराणसी कस्याः भाषायाः केन्द्रम् अस्ति ?

(v) पुरुराजः कः आसीत् ?

25. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए— 9

(क) पर्यावरण एवं स्वास्थ्य (ख) हमारी वन सम्पदा

(ग) विज्ञान और मानव-जीवन (घ) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

26. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए— 3

(क) स्वपठित खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग का सारांश लिखिए।

(ख) स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी पात्र के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

■ ■ ■ ■ ■ ■ ■ ■ ■ ■ ■ ■

https://www.upboardonline.com